(ख) पिछले वर्ष और इस साल अब तक इस अप और डाउन ट्रेन को कितनी बार रद्द किया गया था ;

(ग) यह ट्रेन वर्ष के कितने दिनों में निर्धारित समय सारणी के अनुसार अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंची; और

(घ) इस ट्रेन को समय से चलाने के लिए सरकार किन उपायों पर विचार कर रही है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Procurement of Stainless Steel Coaches

214. SHRI SANJAY DALMIA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to procure coaches made entirely of stain less steel;

(b) if so, the details thereof;

(c) the salient features of these coaches;

(d) the estimated cost of one stainless steel coach; and

(e) the trains with which these coaches are likely to be attached and by when?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. IAFFER SHARIEF) :
(a) and *(b)* Raiwlay$_s$ have taken up work to develop prototype of all stainless steel coach.

(c) The salient features are:— (i)

Corrosion resistant.

Ui) Light weight.

(d) The cost is expected to be about Rs. 40 lakhs per coach. However, the actual cost will be known only after prototype is developed.

(e) No particular train has been ear-marked on which these would be attach-ed.

मुम्बई में उपनगरीय रेल गाड़ियों की संख्या को बढ़ाना

215. श्री गोविन्दराव आदिक : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में पश्चिमी रेलवे की उपनगरीय रेल गाड़ियों से यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों ने सरकार से अनुरोध किया है कि रेल गाड़ियों की संख्या बढ़ायी जाए ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौर क्या है; और

(ग) मुम्बई से पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतिदिन कितनी लोकल रेल गाड़ियां चलाई जाती हैं और सरकार 1 जनवरी, 1995 तक और कितनी लोकल रेल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने पर विचार कर रही है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी, हां ।

(ख) वे चर्चगेट-बोरीवली, मलाड़-चर्चगेट-विरार, भांयदर- चर्चगेट खंडों पर उपनगरीय गाड़ियों की संख्या बढ़ाने तथा अंधेरी-विरार के बीच उपनगरीय गाड़ी शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

(ग) इस समय पश्चिम रेलवे पर प्रतिदिन 900 उपनगरीय गाड़ियां चल रही हैं जनवरी, 1995 के दौरान उपनगरीय सेवाओं की संख्या बढ़ा दी जाएगी।